RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



सुंदर-सुंदर लड़कियां, सुंदर बड़े लिबास।
दुख है चल देंगी सभी, करके बीए पास।
करके बीए पास, रीत है यह दुखदाई।
दिल पर पत्थर धरे, करेंगे चलो विदाई।
कह साहिल कविराय, टीस है दिल के अंदर।
बिछड़ रही हैं सभी, लड़कियां सुंदर-सुं

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 86 | TUESDAY 07-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com






# डेराबस्सी कोर्ट में बम की धमकी से हड़कंप, चंडीगढ़ भाजपा दफ्तर धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

## डेराबस्सी कोर्ट में बम धमकी से हड़कंप, ट्राईसिटी में हाई अलर्ट

- डेराबस्सी-मोहाली कोर्ट को उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क
- चंडीगढ़ भाजपा दफ्तर घटना के बाद फिर धमकी, कोर्ट परिसर खाली
- बम धमकी से खाली हुआ डेराबस्सी कोर्ट, जांच में जुटी पुलिस टीम





डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। डेराबस्सी कोर्ट परिसर में सोमवार को बम धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंच गई और एहतियात के तौर पर पूरे कोर्ट कॉम्प्लेक्स को खाली करवा लिया गया। कोर्ट में मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर परिसर को पूरी तरह सील कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, डेराबस्सी कोर्ट के साथ-साथ मोहाली कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने बिना देरी किए कार्रवाई की और सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया। बम निरोधक दस्ता (इङ्क ङ्क्ष्स्त्रङ्कर' र०४ां) और डॉग स्क्वॉड को मौके पर तैनात कर दिया गया है, जो पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्रों की गहन तलाशी ले रहे हैं। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

प्रशासन ने वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों से अपील की है कि वे जांच पूरी होने तक कोर्ट परिसर से दूर रहें और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। पुलिस धमकी देने वाले की पहचान करने में जुटी है और कॉल या संदेश के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले चंडीगढ़ स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दफ्तर में भी विस्फोटक सामग्री से जुड़ी घटना सामने आई थी। दफ्तर के बाहर संदिग्ध वस्तु मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके को घेर लिया था। जांच के दौरान हल्का धमाका होने की सूचना मिली, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई थी। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई थी। घटना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच शुरू की थी। इस मामले में शरारती तत्वों की भूमिका की आशंका जताई गई थी, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

# खन्ना पुलिस की एक ओर सराहनीय पहल



दिनेश मौदगिल

खन्ना/लुधियाना/यूटर्न/06 अप्रैल। सिविल और पुलिस प्रशासन खन्ना द्वारा पहले ही नशा मुक्त घोषित किए गए मीट मार्केट इलाके में खन्ना पुलिस ने एक नई और सराहनीय पहल करते हुए घर-घर संपर्क मुहिम शुरू की है। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद की मौजूदगी में इस इलाके को गोद लेकर नशा मुक्त बनाने का ऐलान किया गया था, जिसके बाद अब सिविल और पुलिस प्रशासन इस लक्ष्य को जमीन पर पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया की अगुवाई में चल रही इस मुहिम ने लोगों के दिलों में पुलिस के प्रति नया भरोसा पैदा किया है। इस अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पुलिस पारंपरिक तरीकों से हटकर सीधे लोगों के घरों तक पहुंच रही है।


# राघव चड्ढा बनाम आप विवाद में डॉ. गांधी की एंट्री

पंजाब/ यूटर्न/6अप्रैल। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी के बीच चल रहे विवाद में अब पटियाला से कांग्रेस सांसद डॉ. धर्मवीर गांधी भी शामिल हो गए हैं। एक पॉडकास्ट में डॉ. गांधी ने दावा किया कि जब वह आप से सांसद थे, तब राघव चड्ढा ने उन्हें लोकसभा में बोलने के लिए एक चिट्ठी दी थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने वह चिट्ठी फाड़कर राघव के सामने फेंक दी और उन्हें पंजाब भवन से बाहर जाने को कहा। दूसरी ओर, राघव चड्ढा लगातार आप पर लगातार वार कर रहे हैं। 5 अप्रैल को उन्होंने एक पोस्ट में पंजाब से जुड़े अपने मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि यह सिर्फ 'ट्रेलर' है, पूरी तस्वीर अभी बाकी है। वहीं आप ने आरोप लगाया है कि चड्ढा ने नरेंद्र मोदी और इखढ के खिलाफ अपने पुराने ट्वीट्स हटा दिए हैं। विवाद लगातार गहराता जा रहा है।



# जिस पर हो शक उसके फूड सैंपल की कराये 50 में जांच

## 7 से 21 अप्रैल तक शहर के विभिन्न स्थानों पर खाद्य सुरक्षा वैन



सहगल

लुधियाना/यूटर्न/06 अप्रैल। जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 से 21 अप्रैल तक विशेष खाद सुरक्षा वैन अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूरी तरह जन सुरक्षा और जागरूकता के लिए है तथा लोगों को किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की सुविधा उपलब्ध करवाना है। डॉ. चावला के अनुसार, यह वैन आधुनिक प्रारंभिक जांच सुविधाओं से लैस है, जिसके माध्यम से आम नागरिक मात्र 50 की नाममात्र फीस देकर अपने खाने-पीने के नमूनों की जांच करवा सकते हैं। इसके साथ ही स्ट्रीट वेंडरों, डेयरियों, मिठाई की दुकानों और फास्ट फूड विक्रेताओं को भी खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 अप्रैल को हैबोवाल डेयरी कॉम्प्लेक्स, 8 अप्रैल को सब्जी मंडी जालंधर बाइपास (प्रशिक्षण), 9 अप्रैल को मेरिटोरियस स्कूल और रोज गार्डन, 10 अप्रैल को जमालपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में फास्ट फूड विक्रेताओं की जांच और जागरूकता, 11 अप्रैल को बस स्टैंड, 12 अप्रैल को किप्स मार्केट, 13 अप्रैल को रख बाग, दुर्गा माता मंदिर और गुरु नानक स्टेडियम, 14 अप्रैल को दुख निवारण साहिब गुरुद्वारा से लगते क्षेत्रों में, 15 अप्रैल को ताजपुर रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स, 16 अप्रैल को पीएयू लुधियाना (प्रशिक्षण, जागरूकता एवं परीक्षण), 17 अप्रैल को दाना मंडी जगराओं में स्ट्रीट वेंडरों, डेयरियों, फास्ट फूड और मिठाई की दुकानों की जांच, 18 अप्रैल को सरकारी स्कूल इंद्रापुरी से लगते क्षेत्रों में, 19 अप्रैल को जीटीबी मार्केट कमेटी खन्ना, 20 अप्रैल को रेलवे स्टेशन तथा 21 अप्रैल को समराला में यह अभियान चलाया जाएगा।

यह अभियान फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को मिलावट रहित और सुरक्षित खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, अपने खाद्य नमूनों की जांच करवाएं और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## विधायक पराशर ने डी.सी के साथ किया स्कूल ऑफ एमिनेंस का दौरा

लुधियाना/यूटर्न/06 अप्रैल। लुधियाना सैंट्रल के सूफियां चौक के नजदीक तैयार किया गया स्कूल ऑफ एमिनेंस अब अपनी अंतिम तैयारियों में है। इस संबंध में विधायक अशोक पराशर पप्पी ने लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन के साथ मिलकर स्कूल का दौरा किया और अंतिम तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस दौरान स्कूल के ढांचागत कार्यों को अंतिम रूप देने के लिए कक्षाओं, स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान लैब, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और खेल मैदान सहित सभी सुविधाओं की विस्तार से जांच की गई। यह स्कूल 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जहां उन्हें आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

VOL: 11 | ISSUE 86 | TUESDAY 07-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लोकल बॉडी मंत्री के शहर में ही बाहुबली राजनेताओं की शह पर कारोबारियों की बेशकीमती जमीनों पर कब्जे जारी

## एक विधायक पर कब्जाधारियों का साथ देने के आरोप

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। लुधियाना में लैंड माफिया द्वारा कब्जे करने के मामला लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात यह है कि लोगों की सालों पहले खरीदी प्रॉपर्टियों को लैंड माफिया द्वारा अपनी बताते हुए जबरन कब्जे किए जा रहे हैं। जिस कारण लोगों को अपने काम छोड़कर मजबूरी में कानूनी प्रक्रिया में फंसना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला लुधियाना के रियल एस्टेट कारोबारी का सामने आया है। रियल एस्टेट एसोसिएशन लुधियाना के प्रेजिडेंट और रियल एस्टेट कारोबारी शिव शांति प्रकाश की और से दीपक वर्मा, एक निहंग सिंह व उनके साथियों के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत दी गई है। जिसमें उन्होंने एक व्यक्ति व उसके साथियों पर लैंड माफिया होने और उनकी जबरन पर कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। हालांकि कारोबारी द्वारा इस पूरे खेल में एक विधायक पर लैंड माफिया का साथ देने के भी आरोप लगाए हैं। कारोबारी शिव शांति प्रकाश के अनुसार उन्होंने दिसंबर 2024 में शेरपुर खुर्द इलाके में 1250 गज की जमींन खरीदी थी। जिसमें उनके साथ वरुण बेरी और दीपक सेठी जमीन में मालिक हैं। उन्होंने जमींन पर चारदीवारी कर रखी है।




### कभी कबार लगाते थे चक्कर

शिकायतकर्ता शिव शांति प्रकाश के अनुसार प्लॉट खरीदने के चलते इंतकाल भी उन तीनों के नाम पर है, जबकि टीएस-1 भी उनके नाम पर है। उन्होंने वहां पर चारदीवारी करके अपना गेट लगा रखा है। वह अक्सर ही कुछ दिन बाद अपनी जमींन पर चक्कर लगाते रहते थे। लेकिन पिछले कुछ समय से वह नहीं गए। उन्होंने वहां पर केयर टेकर रखा हुआ था। मगर 3 महीने से वह भी नहीं था।

### दीवार तोड़कर लगाया अपना गेट

शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी जमींन को खाली समझते हुए दीपक वर्मा की और से अपने साथियों के समेत अंदर दाखिल हो गए। जिसके बाद दीवार तोड़ दी। फिर वहां पर अपना गेट लगाकर कब्जा कर डाला। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्हें कब्जे का पता चला। जिसके बाद उन्होंने दीपक वर्मा को कॉल की। आगे से उसने जान से मारने की धमकियां दी।

### एक विधायक पर शह देने के आरोप

शिकायतकर्ता का आरोप है कि लैंड माफिया को एक विधायक द्वारा शह दी जा रही है। उन्होंने जब दीपक वर्मा को कॉल की तो भी उसके नाम के साथ विधायक का नाम लिखा हुआ आ रहा था। दीपक वर्मा द्वारा विधायक के नाम को इस्तेमाल कर लोगों के साथ धक्केशाही की जा रही है। वहीं उनका आरोप है कि उन्हें अदालत की तरफ से स्टे मिला हुआ है। लेकिन उसके बावजूद दीपक वर्मा द्वारा जबरन उनकी जमींन में घुसकर कोर्ट के ऑर्डर का उल्लंघन किया है।

### जाली रजिस्ट्री करवा शिव शांति प्रकाश ने किया कब्जा

दीपक वर्मा अनुसार उक्त कुल 1360 गज जमींन थी। जिसमें से उनके दोस्त सुखदेव सिंह ने 516 गज खरीद ली। उनके पास 15 साल पहले की रजिस्ट्री है और शिव शांति प्रकाश द्वारा 2024 में खरीदने की बात कही गई है। सरकारी रिकॉर्ड में भी जमीन उनके हक में बोलती है। शिव शांति प्रकाश द्वारा साजिश के तहत जाली रजिस्ट्री करवा चारदीवारी करके कब्जा कर लिया। उन्होंने अपनी 516 गज जमीन पर चारदीवारी कर गेट लगाया तो शिव शांति द्वारा उनका ताला तोड़कर कब्जे का प्रयास किया है। दीपक वर्मा अनुसार उन्होंने शिव प्रकाश को पटवारी से निशानदेही करवाने की भी बात कही। अगर उनकी जमीन हुई तो वह रख लेगें और अगर शांति प्रकाश की हुई तो वह रख लें। लेकिन फंसने के डर से उसने शिकायत दे दी।

# वार्ड-30 में सार्वजनिक शौचालयों का उद्घाटन, लोगों को मिली बड़ी राहत

## महिला-पुरुषों के लिए अलग सुविधाएं, न्यू डिफेंस कॉलोनी की पुरानी समस्या का समाधान



जीरकपुर/यूटर्न/06 अप्रैल। नगर परिषद जीरकपुर के अधीन वार्ड नंबर 30 में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए पार्षद नवतेज नवी धीमान के प्रयासों से नए सार्वजनिक शौचालयों (महिला एवं पुरुष) का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि वार्ड नंबर 30, विशेषकर न्यू डिफेंस कॉलोनी में लंबे समय से सार्वजनिक शौचालयों की कमी एक गंभीर समस्या बनी हुई थी। इस वजह से खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से लैस साफ-सुथरे शौचालयों का निर्माण कराया गया है।


उन्होंने आगे कहा कि जीरकपुर के 31 वार्डों में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि यहां महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग सार्वजनिक शौचालय जनता को समर्पित किए गए हैं।

यह कदम स्वच्छता को बढ़ावा देने और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में अहम है। पार्षद नवतेज नवी धीमान ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करवाने में सहयोग देने के लिए सरदार दीपिंदर सिंह ढिल्लों और उदयवीर सिंह ढिल्लों का विशेष धन्यवाद किया।

उन्होंने न्यू डिफेंस कॉलोनी सहित पूरे वार्ड के निवासियों का भी आभार जताया। उद्घाटन समारोह के दौरान वार्ड निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने पार्षद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ेंगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्ड निवासी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हलवारा एयरपोर्ट के बाद अब फ्लाइट को लेकर क्रेडिट वार की सियासत : फ्लाइट समय बदलाव की जल्दबाजी से MOS की जग हसाई

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट से 15 मई से फ्लाइट शुरू होने जा रही है। लेकिन फ्लाइट शुरू होने से पहले ही एयरपोर्ट का मुद्दा जंग का मैदान बनता जा रहा है। जिसमें पहले केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा एयरपोर्ट उद्घाटन से लेकर फ्लाइट शुरू होने तक को लेकर जमकर सोशल मीडिया जुबानी वॉर चली। वहीं अब फ्लाइट का समय बदलने को लेकर नया विवाद सामने आया। दरअसल, केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा लुधियाना से दिल्ली के लिए जाने वाली सुबह की फ्लाइट का एयर इंडिया द्वारा समय बदलने का दावा करते हुए फेसबुक पर पोस्ट डाल दी। इस संबंधी कुछ संस्थानों द्वारा ऑनलाइन खबरें तक चला डाली। लेकिन अब इस मामले संबंधी एयर इंडिया द्वारा कोई आधिकारिक तौर पर पुष्टि ही नहीं की। उन्होंने समय बदलने वाली किसी भी बात को लेकर सूचना जनतक नहीं की। हालांकि समय बदलने की अफवाह सामने आते ही शहर में चर्चा शुरू हो गई थी। लेकिन अब इसकी असलियत सामने आने के बाद लोग बिट्टू पर तंज कसते हुए नजर आए।







**यह किया गया दावा...** दरअसल, बिट्टू द्वारा दावा किया गया था कि लुधियाना के कारोबारियों को लुधियाना से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के समय को लेकर काफी परेशानी थी। जिसके चलते वह इसके बदलाव की मांग कर रहे थे। जिस संबंधी अब एयर इंडिया ने समय में बदलाव कर दिया है। इसके चलते पहले एयर इंडिया द्वारा इस फ्लाइट का समय सुबह 7 :55 रखा था। लेकिन अब समय में बदलाव कर लुधियाना से पहली फ्लाइट 10 :25 बजे उड़ान भरेगी।

**दिल्ली से लुधियाना का समय बदलने के दावे...** वहीं बिट्टू द्वारा डाली गई पोस्ट के मुताबिक दिल्ली से लुधियाना फ्लाइट का समय बदलने का भी दावा किया गया था। जिसमें दिल्ली से सुबह 8 :35 बजे फ्लाइट उड़कर लुधियाना 9 :45 बजे पहुंचेगी। वहीं दिल्ली से दोपहर को 12 :55 बजे उड़कर 2 :10 बजे लुधियाना पहुंचेगी। लेकिन इस समय को लेकर सोमवार रात तक एयर इंडिया ने कोई पुष्टि नहीं की। जिसके चलते फ्लाइट का समय पहले की तरह ही रहेगा।



# न्यू चंडीगढ़ में IPL का रोमांच: 11 अप्रैल के मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री शुरू, सीमित खरीद नियम लागू

मोहाली/यूटर्न/06 अप्रैल। न्यू चंडीगढ़ स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह पीसीए क्रिकेट स्टेडियम में 11 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सोमवार से इस हाई-वोल्टेज मैच के लिए ऑफलाइन टिकटों की बिक्री शुरू होते ही स्टेडियम के बॉक्स ऑफिस के बाहर लंबी कतारें लग गईं।

Punjab Kings और Sunrisers Hyderabad के बीच खेले जाने वाले इस मुकाबले के लिए टिकट लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ी।



आयोजनकर्ताओं ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक आईडी पर अधिकतम दो टिकट देने का नियम लागू किया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को मौका मिल सके।

टिकटों की कीमत पांच श्रेणियों में तय की गई है, जिसमें 2500, 3500 और 6500 रुपये की सामान्य सीटें शामिल हैं, जबकि प्रीमियम दर्शकों के लिए 20,000 और 25,000 रुपये तक की टिकटें भी उपलब्ध हैं। इससे पहले टिकटों की बिक्री ऑनलाइन माध्यम से हो रही थी, लेकिन अब ऑफलाइन काउंटर खुलने से स्थानीय फैंस को राहत मिली है।

मैच दोपहर 3:30 बजे शुरू होगा, जबकि दर्शकों की एंट्री सुबह 11:30 बजे से शुरू कर दी जाएगी। स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आठ अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दर्शक टिकट के साथ ही पार्किंग पास भी खरीद सकते हैं।

प्रशासन और आयोजकों की ओर से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि मैच के दिन किसी तरह की अव्यवस्था न हो और दर्शक सुरक्षित माहौल में मुकाबले का आनंद उठा सकें।

# मलोया कॉलोनियों में गंदगी पर मेयर सख्त, तुरंत सफाई अभियान चलाने के आदेश





चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। शहर के मलोया चंडीगढ़ क्षेत्र की कुम्हार कॉलोनी, ग्वाला कॉलोनी और गौशाला इलाके में खराब सफाई व्यवस्था को लेकर मेयर सौरभ जोशी ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को किए गए निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तुरंत व्यापक सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सीवरेज ओवरफ्लो, गोबर के ढेर, उसकी अव्यवस्थित निकासी, गंदगी और बुनियादी सुविधाओं की खराब स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। स्थानीय निवासियों से बातचीत और मौके पर हालात देखने के बाद उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और इसे तुरंत दुरुस्त किया जाना चाहिए।

मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और गौशाला व आसपास के क्षेत्रों से गोबर के वैज्ञानिक व व्यवस्थित निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ कहा कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है और संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ बिना देरी के काम पूरा करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल्द से जल्द एक विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) तैयार कर सभी सुधारात्मक कदम युद्धस्तर पर लागू किए जाएं। मेयर ने चेतावनी दी कि वे जल्द ही दोबारा इलाके का दौरा करेंगे और यदि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने भरोसा दिलाया कि सीवर लाइन की सफाई, ड्रेनेज सुधार और कचरा प्रबंधन से जुड़े सभी आवश्यक कार्य तुरंत शुरू किए जाएंगे, ताकि इलाके में स्वच्छता बहाल की जा सके। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए और सभी कार्य तय समय में पूरे किए जाएं।

# देहदान कर परिवार ने पेश की मानवता की मिसाल



डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। भारत विकास परिषद विवेकानंद डेराबस्सी की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए देहदान का प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। परिषद के सहयोग से डेराबस्सी एटीएस निवासी 90 वर्षीय श्री देव निश्चल के निधन उपरांत उनके परिवार ने उनका शरीर और नेत्र दान कर मानवता की मिसाल पेश की। परिवार की सहमति से उनका शरीर चंडीगढ़ स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (GMCH), सेक्टर-32 को दान किया गया। यह देहदान मेडिकल शिक्षा और जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, वहीं नेत्रदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी में रोशनी आएगी।

इस पुण्य कार्य में परिषद के सदस्य बरखा राम, उपेश बंसल और विनोद रैना का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने परिवार के इस उच्च विचारों वाले निर्णय की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। परिषद के प्रधान नितिन जिंदल ने कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में जागरूकता फैलाते हैं और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर परिषद के सचिव अश्वनी शर्मा, कोषाध्यक्ष जेपी धीमान, प्रेस सचिव परमजीत रम्मी सैनी, महिला प्रमुख मीनू कुमारी और साधना सिंगर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी परिवार के इस महान कार्य के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# खाद्य आपूर्ति विभाग ने ढाबे व दुकानों से 111 घरेलू गैस सिलेंडर पकड़ें

निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न 6 अप्रैल। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी दिव्या ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं पूर्ति विभाग, पानीपत की 4 जांच टीमों द्वारा दुकानों/ढ़ाबो इत्यादि पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के हो रहे दुरूपयोग / कालाबाजारी को रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया गया है। विभाग द्वारा सोमवार 6 अप्रैल तक पानीपत शहर, समालखा, इसराना,मडलौडा व बाबरपुर के क्षेत्रों में स्थापित ढाबों/दुकानों (20 स्थानों) पर छापेमारी करते हुए जिला पानीपत में कुल 111 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह चैकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला पानीपत में 37 गैस एजेंसी कार्यरत है जिनके द्वारा औसतन 9100-9500, घरेलू गैस सिलेण्डर दैनिक आधार पर उपभोक्ताओं को डिलिवर किए जा रहे है तथा जिला पानीपत में घरेलू गैस सिलेण्डरों का पर्याप्त मात्रा में गैस स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जिला पानीपत के घरेलू व व्यावसायिक गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में आई.ओ.ए.जी.पी.एल. प्राईवेट लिमिटेड द्वारा बिछाई गई पीएनजी पानीपत शहर में उपलब्ध है उक्त उपभोक्ता जल्द से जल्द पीएनजी क्नैक्शन लेने हेतू आवेदन करना सुनिश्चित करें। अभी तक पानीपत जिला में नए पी0एन0जी0 कनेक्शन हेतू 14 व्यावसायिक, 173 घरेलू तथा 15 औद्योगिक (कुल आवेदन 202) एच0पी0 ऑयल प्रा0 लि0 के पास प्राप्त हुए है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें तथा अनावश्यक भण्डारण ना किया जाए।

# MLA जगरूप सिंह गिल ने स्मार्ट राशन कार्ड बांटने का कैंपेन शुरू किया



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/19 मार्च। पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री की सरकार ने आज लोगों की भलाई के कामों को ध्यान में रखते हुए राशन कार्ड होल्डर्स के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। राशन बांटने के सिस्टम को और बेहतर, ट्रांसपेरेंट और आसान बनाने के लिए नए स्मार्ट राशन कार्ड तैयार किए गए हैं, जो फायदा पाने वालों के लिए एक आसान और मॉडर्न सिस्टम की शुरूआत है। इस जरूरी कैंपेन की शुरूआत टछअ जगरूप सिंह गिल ने बठिंडा शहरी इलाके में की। उन्होंने खुद ये स्मार्ट कार्ड राशन कार्ड होल्डर्स तक पहुंचाए और लोगों को इस नए सिस्टम के बारे में जागरूक किया, जिससे इलाके के लोगों में खुशी की लहर है। उन्होंने आगे कहा कि अब इन स्मार्ट कार्ड के जरिए राशन बांटने में आने वाली दिक्कतें कम होंगी और फायदा पाने वालों को आसानी से उनका हक मिल सकेगा। इस सिस्टम से न सिर्फ समय बचेगा बल्कि भ्रष्टाचार और गलत इस्तेमाल भी रुकेगा, जिससे सरकारी स्कीमों का फायदा सही लोगों तक पहुंचेगा। विधायक जगरूप सिंह गिल ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल जनहितैषी सोच का प्रतीक है, जिसका मकसद हर नागरिक को बिना किसी रुकावट के उसका हक दिलाना है। स्मार्ट राशन कार्ड की यह शुरूआत भविष्य में और भी जन सेवाओं के लिए एक मजबूत नींव साबित होगी। इस मौके पर पार्षद सुखदीप सिंह ढिल्लों के अलावा कई अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद थे।


पेज 12 पीजीआई अस्पताल में इंजीनियरिंग को मजबूत...

# चंडीगढ़-मोहाली हाई अलर्ट : स्कूलों, सचिवालय और अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, उट और DGP का नाम लेकर मचाया हड़कंप





चंडीगढ़/मोहाली/यूटर्न/06 अप्रैल। ट्राइसिटी में सोमवार को एक बार फिर बम धमकी ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी। चंडीगढ़ और मोहाली के कई स्कूलों, सरकारी दफ्तरों और अदालत परिसरों को ईमेल के जरिए उड़ाने की धमकी दी गई, जिसमें पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों तथा पंजाब के डीजीपी का नाम भी शामिल किया गया है।

धमकी भरे ईमेल मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। सेक्टर 41, चंडीगढ़ स्थित शिवालिक पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45, चंडीगढ़ के सेंट स्टीफन स्कूल, रायन इंटरनेशनल स्कूल समेत कई शिक्षण संस्थानों को खाली करवाया गया। इसके अलावा मेयर कार्यालय और सचिवालय में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने सभी संवेदनशील स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया, बम निरोधक दस्ते और फायर ब्रिगेड को भी मौके पर तैनात किया गया। अधिकारियों के अनुसार अब तक किसी भी स्थान से संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उधर मोहाली कोर्ट परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद तत्काल खाली करवाया गया। पूरे इलाके में नाकेबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खरड़ कोर्ट को भी धमकी मिलने के बाद बंद कर दिया गया और सभी मामलों की सुनवाई स्थगित कर दी गई। ईमेल में ग्रेनेड हमलों का जिक्र कर माहौल को और भयावह बनाने की कोशिश की गई है। पुलिस साइबर सेल के जरिए ईमेल की उत्पत्ति का पता लगाने में जुटी है और मामले को गंभीरता से जांचा जा रहा है। लगातार मिल रही धमकियों के चलते ट्राइसिटी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां हर एंगल से जांच कर रही हैं, जबकि आम लोगों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

# चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान



चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश कार्यालय, सेक्टर 33 में पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रविंद्र रैना रहे, जो इस स्थापना दिवस कार्यक्रम के चंडीगढ़ प्रभारी भी हैं।

## जालंधर में एमएसएमई बैठक, मंत्री संजीव अरोड़ा ने रखी औद्योगिक विकास व ग्रीन एनर्जी की रूपरेखा

जालंधर/यूटर्न/06 अप्रैल। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने जालंधर में एमएसएमई उद्यमियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य में औद्योगिक विकास और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की रूपरेखा पेश की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में पंजाब को 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।





मंत्री ने कहा कि JSW Group और Mittal Group जैसे बड़े औद्योगिक समूहों ने क्रमशः 3,000 करोड़ और 2,600 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सरकार जल्द ही नई औद्योगिक पार्क नीति लागू करेगी, जिसके तहत कम से कम 25 एकड़ में आधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। संजीव अरोड़ा ने कहा कि राज्य अगले पांच वर्षों में 85 प्रतिशत बिजली उत्पादन ग्रीन स्रोतों से करने का लक्ष्य रखता है। इसके तहत सोलर ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज को बढ़ावा दिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट के रुख से चंडीगढ़ के हजारों कर्मियों को राहत, नौकरी सुरक्षा की मांग तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। अस्थायी नियुक्तियों पर काम कर रहे हजारों कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। Supreme Court of India के हालिया रुख ने चंडीगढ़ में कार्यरत करीब 25 हजार कॉन्ट्रैक्ट और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बीच नई उम्मीद जगा दी है। शहर में प्रशासन और नगर निगम से जुड़े लगभग 5 हजार कॉन्ट्रैक्ट और 20 हजार आउटसोर्सिंग कर्मचारी लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद इन कर्मचारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने पर रोक की संभावना मजबूत होती दिख रही है। ऑल कॉन्ट्रैक्चुअल कर्मचारी संघ ने इस न्यायिक रुख का स्वागत करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन और केंद्रीय गृहमंत्री से अपील की है कि इसे लिटिगेशन पॉलिसी के तहत तुरंत लागू किया जाए। संघ का कहना है कि वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को स्थायित्व और सुरक्षा मिलनी चाहिए।



संघ के प्रधान अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम का इस्तेमाल स्थायी भर्तियों से बचने के लिए किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का शोषण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को केवल कॉन्ट्रैक्ट आधार पर होने के कारण हटाया नहीं जा सकता।

कर्मचारी संगठनों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम की तर्ज पर सेवा निवृत्ति तक नौकरी की गारंटी देने की मांग उठाई है। इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया है। संघ ने मांगों में कहा है कि 10 साल या उससे अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों का एकमुश्त नियमितीकरण किया जाए, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति सरकारी एजेंसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए और कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से खत्म या सुरक्षित बनाया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि अब उन्हें सिर्फ कागजी फैसलों नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई का इंतजार है, जिससे उनकी वर्षों की सेवा को उचित सम्मान और सुरक्षा मिल सके।

## प्रभु रत्नाकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन वाल्मीकि कौम की प्रगति और उत्थान के लिए समर्पित किया - विजय दानव

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज रजि. भावाधस के राष्ट्रीय मुख्य संचालक वीरेश विजय दानव द्वारा आज 6 अप्रैल को समूह देशवासियों को भावाधस के संस्थापक और प्रथम आदि धर्म गुरु ब्रह्मलीन प्रभु ऋषिनाथ रत्नाकर जी महाराज के जन्मदिवस की समूह देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के दिन समूचे देश में विभिन्न स्थानों पर प्रभु जी का जन्मदिवस मनाया जा रहा है और भावाधस की समूची टीम भी प्रभु को श्रद्धा के फूल भेंट करती है। उन्होंने कहा कि प्रभु ऋषिनाथ रत्नाकर जी ने अपना संपूर्ण जीवन वाल्मीकि कौम की प्रगति और उत्थान के लिए लगाया और समूचे भारत के वाल्मीकि समाज के नेताओं को एकता की माला में पिरोकर भावाधस की स्थापना की जो कि आज भी वाल्मीकि समाज की प्रगति के लिए काम कर रही है और आदि नित्यनेम, सच्ची प्रार्थना, शारशब्द आदि उनकी ही कौम को देन हैं। उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल को जालंधर के गांव धीना में प्रभु जी के जन्मदिवस के अवसर पर एक विशाल समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



# डेराबस्सी से 40वीं धार्मिक बस यात्रा रवाना, श्रद्धालु करेंगे अयोध्या-काशी सहित प्रमुख धामों के दर्शन

## रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ट्रस्ट का आयोजन, 9 अप्रैल को वापसी



डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट, गुलाबगढ़ रोड डेराबस्सी की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी धार्मिक बस यात्रा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के महासचिव संजीव थम्मन ने बताया कि यह 40वीं धार्मिक यात्रा चैत्र मास में रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालु अयोध्या जी, चित्रकूट, प्रयागराज संगम तट, काशी विश्वनाथ और नेमीशरण जैसे पवित्र धामों के दर्शन करेंगे। यह यात्रा 4 अप्रैल को डेराबस्सी से रवाना हुई, जो 9 अप्रैल 2026 को वापस लौटेगी।

यात्रा का संचालन पोनहारी ट्रैवल के अश्विनी शर्मा भागसी के माध्यम से एसी स्लीपर बस में किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को सफर के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट अरुण ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा ही की गई है। इस यात्रा में डेराबस्सी, जीरकपुर, पंचकूला, पटियाला और चंडीगढ़ से लगभग 52 श्रद्धालु शामिल हुए हैं।

श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और सभी श्रद्धा भाव के साथ धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए।

# श्री बद्रीनाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया

## अखंड रामायण पाठ, हवन व विशाल भंडारे का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत



डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। डेराबस्सी के भगत सिंह नगर स्थित गली नंबर 4 में उत्तरांचल सभा द्वारा श्री बद्रीनाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन के साथ हुई, जिसके उपरांत 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे अखंड रामायण पाठ आरंभ किया गया, जिसका समापन 6 अप्रैल को हवन के साथ हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा और पूर्व विधायक एन.के. शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक रंधावा ने श्री बद्रीनाथ जी की मूर्ति को पुष्पमाला अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। वहीं पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए भक्ति भाव और श्री हरि के गुणगान को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सर्वमंगल वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अतुल कुमार चौबे, भाजपा मंडल प्रधान पवन पम्मा, श्री रामलीला कमेटी के महासचिव दिनेश वैष्णव, शीतला माता मंदिर के प्रधान अचिंत जी, पूर्वांचल सभा के प्रधान जितेंद्र झा और समाजसेवी बिपिन सरोज सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान मातृशक्ति द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया और प्रभु के प्रति सच्ची श्रद्धा का संदेश दिया।

सभा के प्रधान जगदीश प्रसाद सेमवाल और अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### कीमती कौन ?

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए किसी आदेश के विरोध में जाति विशेष ने देश बन्द का आह्वान किया पूरे देश का चक्का जाम हो गया। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय सब बन्द। दुकानें, कारोबार सब ठप्प। हस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताला जड़ गया। सड़कों पर धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। एक शहर के खास चौंक में विशाल रैली का आयोजन हुआ। सारा ट्रैफिक रोक दिया गया। कारों, स्कूटरों और बसों का जाम लग गया। इन सब के बीच फंसी एक ऐंबुलेंस भी थी। उसमें एक मासूम बच्चा जिन्दगी और मौत से लड़ रहा था। उसे जल्दी से जल्दी स्वास्थ्य सेवा की जरूरत थी। लम्बे जाम में एम्बुलेंस को कोई रास्ता नहीं मिल पा रहा था। उस बच्चे के माता-पिता रो-रोकर अपनी झोली फैलाए उस एम्बुलेंस को जाम से निकालने की गुहार लगा रहे थे। पर उन प्रदर्शनकारियों के कान पर कोई जूं तक न रेंग रही थी। वो अपने हकों के लिए पूरे जोशो-खरोश के साथ डटे हुए थे। उधर उस मासूम के माँ-बाप भीख माँगकर बच्चे की जान का वास्ता दे रहे थे। पर उनके आँसू कुछ न कर पाए उन पत्थर दिलों का दिल न पसीजा और एक मासूम जिसे मालूम भी न था कि जाति क्या है? हक क्या है?....... अपनी सांसों की जंग हार गया। उसके मरते ही शोर-शराबा मच गया हो-हल्ला सुनकर प्रदर्शनकारी भी घबरा गए उन्होंने झट से जाम खोल दिया और एम्बुलेंस को भी जाने दिया। वो मासूम हस्पताल तो पहुँच गया लेकिन जिन्दा नहीं मुर्दा। शायद इस देश में हकों की कीमत साँसों से ज्यादा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Stamp Paper vs Notarizatio — असली फर्क क्या है?**

अक्सर लोग Stamp Paper और Notarization को एक ही समझ लेते हैं, जबकि दोनों का उद्देश्य और कानूनी महत्व अलग-अलग होता है।

Stamp Paper एक प्रकार का सरकारी राजस्व (government revenue) होता है, जिसका उपयोग किसी दस्तावेज को वैध बनाने के लिए किया जाता है—जैसे Agreement, Affidavit, Sale Deed आदि। यह दशार्ता है कि सरकार को उस दस्तावेज के लिए निर्धारित शुल्क दिया गया है।

दूसरी ओर, Notarization का मतलब है कि किसी दस्तावेज को Notary Public द्वारा सत्यापित (authenticate) किया गया है। Notary यह सुनिश्चित करता है कि दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति वही है और उसने स्वेच्छा से हस्ताक्षर किए हैं।

यह जरूरी नहीं है कि हर notarized document stamp paper पर हो, और न ही हर stamp paper वाला document notarized हो। दोनों का काम अलग-अलग है—एक revenue से जुड़ा है और दूसरा verification से। लोग अक्सर सिर्फ notarization करवा कर मान लेते हैं कि उनका document पूरी तरह मजबूत हो गया है, जबकि कई मामलों में proper stamp duty देना भी जरूरी होता है।

निष्कर्ष : Stamp Paper दस्तावेज की वैधता के लिए आवश्यक शुल्क को दशार्ता है, जबकि Notarization दस्तावेज की सत्यता को प्रमाणित करता है। सही कानूनी प्रभाव के लिए दोनों का सही उपयोग समझना जरूरी है।

# ओ मेरी बाह पकड़ लो श्री राधे धुन पर श्रद्धालु भक्ति में हुए लीन



लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) की ओर से चंद्र नगर क्षेत्र में भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमोद सिंगला द्वारा श्री ठाकुर जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। संकीर्तन से पूर्व श्रद्धा भाव से प्रार्थना कर ठाकुर जी का आह्वान किया गया और उनका भव्य दरबार सजाया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। संकीर्तन की शुरूआत गणेश वंदना और ह्हरे कृष्ण हरे रामह्व महामंत्र के जाप से की गई। इसके पश्चात मंडल के केशव जोशी और विशाल अरोड़ा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। संकीर्तन के उपरांत श्री ठाकुर जी को भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मंडल के सदस्य केशव जोशी ने कहा, हरिनाम संकीर्तन केवल भजन-कीर्तन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। संकीर्तन में राहुल बस्सी, जिम्मी मित्तल, मुनिश बस्सी, सतीश वशिष्ठ, दिलप्रीत कालरा, विशाल ढल, हनी सिक्का, माधव कालड़ा, मनीष वशिष्ठ, अरुण टंडन, राजीव खोसला, शुभम ढल, तरुण सलूजा, बॉबी मक्कड़, वनीत अरोड़ा, संजय वर्मा, अभिनव शर्मा, अरविंद गोयल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के आईटी बाबा ने शादी की, पत्नी के साथ अपने पैतृक स्थान झज्जर पहुंचे

चंडीगढ़/यूटर्न/6 अप्रैल। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान चर्चा में आए और आईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय ने अब शादी करके अपनी जिंदगी के एक नए दौर में कदम रखा है। अपनी पत्नी प्रीतिका के साथ अपने पैतृक स्थान झज्जर की उनकी यात्रा लोगों का ध्यान खींच रही है।

यह जोड़ा बैंक से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए शहर आया था। अपनी यात्रा के दौरान, अभय ने कोर्ट परिसर में अपने पिता (जो एक वकील हैं) के चैंबर में कुछ समय बिताया, लेकिन उस समय उनके पिता वहां मौजूद नहीं थे। इस बीच, वह जगह जल्द ही लोगों के उत्साह का केंद्र बन गई; स्थानीय लोग उनसे मिलने, सेल्फी लेने और पुरानी यादें ताजा करने के लिए कतार में खड़े हो गए। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत करते हुए, अभय ने बताया कि प्रीतिका कर्नाटक की रहने वाली हैं और वे दोनों एक साझा सोच के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जब उनसे उनके माता-पिता से मिलने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे निश्चित रूप से उनसे मिलेंगे,



लेकिन साथ ही यह भी जोड़ा कि किसी बड़े उद्देश्य को पूरा करने के लिए कभी-कभी अपने परिवार से कुछ दूरी बनाना जरूरी हो जाता है।

अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए, अभय ने खुलासा किया कि ₹श्री यूनिवर्सिटी₹ की स्थापना का काम चल रहा है; यह एक ऐसी संस्था होगी जिसका उद्देश्य ज्ञान को आध्यात्मिक साधनाओं के साथ जोड़ना है। उन्होंने एक स्पष्ट सोच के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह यूनिवर्सिटी पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ 'साधना' के विभिन्न रूपों को सिखाने पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। फि लहाल, अभय हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं और दुनियावी भटकावों से दूर रहते हुए अपनी आध्यात्मिक यात्रा जारी रखे हुए हैं।

# गरीब बच्चों को स्कूलों में मुफ्त पढ़ाई के लिए राज्य सरकार उपलब्ध करवाए कैशलैस शिक्षा कार्ड - रमेश जोशी

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। पंजाब प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश जोशी ने पंजाब में शिक्षा के समानता के लिए शिक्षा क्षेत्र में कैशलेस एजुकेशन कार्ड व्यवस्था लागू करने की मांग राज्य सरकार से की। जोशी ने कहा राइट-टू-एजुकेशन अधिकार के तहत हर बच्चे को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। जो कि लाख कोशिशो के बावजूद पंजाब के सरकारी स्कूलों में संभव नही। हर बच्चे को अपनी पसंद के स्कूल में पढने का अधिकार होना चाहिए, चाहे वह सरकारी हो या निजी। आर्थिक स्थिति किसी भी बच्चे के भविष्य संवारने में आड़े नहीं आनी चाहिए। मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए कैशलैस सरकारी कार्ड से हर बच्चे को अपनी पसंद के स्कूल में पढने का अधिकार मिलेगा। चाहे वह सरकारी हो या निजी। आर्थिक स्थिति किसी भी बच्चे के भविष्य के आड़े नहीं आनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कैशलेस शिक्षा कार्ड के जरिए सरकार सीधे स्कूलों को फीस का भुगतान कर सकती है, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा और बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे।



# हिमाचल प्रांतीय सभा की तरफ से आयोजित हुआ वार्षिक समारोह

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। हिमाचल प्रांतीय सभा की तरफ से आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान लुधियाना की धरती पर देव भूमि हिमाचल की संस्कृति की खुशबू बिखरी।

स्थानीय प्रभात नगर स्थित हिमाचल भवन में आयोजित समारोह के दौरान प्रसिद्ध हिमाचली लोक गायक ईशांत भारद्वाज ने हिमाचली लोकगीतो के माध्यम से हजारों की संख्या में उपस्थित लोगो को हिमाचल की मिट्टी की खुशबू से जोड़ा। समारोह के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो ये लुधियाना नही हिमाचल की धरती हो। समारोह में हिमाचल से विशेषतौर पर पधारे विधायक विवेक शर्मा, विधायक



रणजीत सिंह राणा, स्थानीय विधायक मदन लाल बग्गा, विधायक अशोक पराशर पप्पी, विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू का हिमाचल प्रांतीय सभा के संस्थापक कश्मीर चंद पटियाल, संरक्षक डिंपल राणा, चेयरमैन कर्मचंद शर्मा, उपचेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष अनिल ठाकुर, उपाध्यक्ष ध्यान सिंह व राज कुमार शर्मा, महासचिव अमित डोगरा, सचिव मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रूप सिंह राणा, मुख्य सलाहकार राजेश रत्न भारद्वाज ने परम्परागत हिमाचली अंदाज में पहाड़ी टोपी पहनाकर स्वागत किया। वही पंडित अजय वशिष्ठ, पंजाब भाजपा महासचिव अनिल सरीन, एसीपी राज कुमार चौधरी, भाजपा नेता जीवन गुप्ता, जिला भाजापा अध्यक्ष रजनीश धीमान, भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष लीना टपारिया मौजूद थे।

इस अवसर पर संत सिंह राणा, राकेश मिन्हास, कुलदीप शर्मा, तेजिन्द्र चहल, हरीश दुआ, संजीव कतना, ललित कोचर, पंकज चौधरी, कपिल शक्रवाल, मीनू मल्होत्रा, अजीव गुलेरिया, लवलेश शर्मा, विक्की राणा, अजय शर्मा, अजमेर सिंह, सुरिन्द्र गुर्जर, विजय ठाकुर, रमन महाजन, दिलीप कुमार उपस्थित थे।

# बलटाना में ट्यूबवेल की बिजली वायर चोरी, दो इलाकों में पानी सप्लाई ठप



जीरकपुर/यूटर्न/06 अप्रैल। बलटाना स्थित सैनी विहार फेज-3 के पार्क में लगे सरकारी ट्यूबवेल से बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा मेन बिजली की वायर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के चलते सैनी विहार फेज-3 और साथ लगते विवेक विहार इलाके में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे सैकड़ों घरों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों के अनुसार, देर रात चोर ट्यूबवेल परिसर में घुस आए और मोटर को बिजली सप्लाई देने वाली मुख्य तार काटकर अपने साथ ले गए। सुबह जब रोजाना की तरह पानी नहीं आया तो लोगों को संदेह हुआ। मौके पर पहुंचने पर ट्यूबवेल की मेन वायर गायब मिली। पानी की सप्लाई बाधित होने से सुबह से ही लोगों के घरेलू कामकाज प्रभावित रहे। कई परिवारों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा, जबकि बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाले परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन और संबंधित विभाग के प्रति रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि ट्यूबवेल जैसी महत्वपूर्ण जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जिसका फायदा उठाकर चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। निवासियों ने इलाके में नियमित गश्त बढ़ाने और ट्यूबवेल परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। सूचना मिलने के बाद संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है। विभाग ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही नई वायर डालकर ट्यूबवेल को चालू किया जाएगा, ताकि पानी की सप्लाई बहाल की जा सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



# लुधियाना श्री दंडी स्वामी मंदिर में विख्यात कथावाचक पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा करेंगे श्रीमद्भागवत कथा

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में इस वर्ष एक भव्य आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर के अध्यक्ष पंडित राज कुमार शर्मा ने कथावाचक भाई श्री रमेश भाई ओझा से भेंट कर आयोजन संबंधी चर्चा की। पंडित राज कुमार शर्मा जी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत के प्रतिष्ठित आध्यात्मिक संत एवं विख्यात कथावाचक पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



14 नवंबर 2026 से 20 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह आयोजन श्री दंडी स्वामी महाराज जी के आशीर्वाद से होगा, जो लुधियाना वासियों के लिए अत्यंत सौभाग्य और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इस कथा के माध्यम से शहर में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा और लोगों को धर्म, भक्ति एवं जीवन मूल्यों की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी का लुधियाना आगमन स्वयं में एक विशेष अवसर है। वहीं पूज्य भाईश्री रमेश भाई ओझा जी ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। इस मौके अशोक गुप्ता, जयप्रकाश गोयल, प्रिंस छाबड़ा और नितिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में गैस संकट गहराया: नए LPG कनेक्शन पर ब्रेक, छोटे सिलिंडर से चल रहा काम

चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। शहर में रसोई गैस को लेकर संकट गहराता नजर आ रहा है। बढ़ती मांग और सीमित आपूर्ति के चलते चंडीगढ़ में नए घरेलू एलपीजी कनेक्शन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है, जिससे आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के बाहर रोजाना नए कनेक्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन कंपनियों द्वारा सिस्टम में ही नया कनेक्शन जारी करने का विकल्प बंद कर देने के कारण एजेंसियां असहाय नजर आ रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम जमाखोरी रोकने और उपलब्ध गैस की आपूर्ति को संतुलित करने के लिए उठाया गया है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए प्रशासन ने उन इलाकों में नए एलपीजी कनेक्शन देने से साफ इनकार कर दिया है, जहां पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) की सुविधा पहले से मौजूद है। ऐसे उपभोक्ताओं को तीन महीने के भीतर ढठक्षूपर शिफ्ट होना अनिवार्य कर दिया गया है, अन्यथा उनकी एलपीजी सप्लाई बंद की जा सकती है।



उपभोक्ताओं की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। सेक्टर-37 की एक महिला ने बताया कि एजेंसी पहुंचने पर उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया गया कि फिलहाल नए कनेक्शन बंद हैं। वहीं सेक्टर-9 के एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि गैस की किल्लत के बीच नया कनेक्शन लेने की कोशिश भी नाकाम रही। इस बीच राहत के तौर पर 5 किलो के छोटे सिलिंडर को प्राथमिकता दी जा रही है। खासतौर पर प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए इसे आसान बनाया गया है। अब केवल वैध पहचान पत्र दिखाकर यह सिलिंडर लिया जा सकता है, जबकि स्थानीय पते की शर्त भी हटा दी गई है। इसकी कीमत करीब 554 रुपये तय की गई है, जिससे जरूरतमंदों को कुछ राहत जरूर मिल रही है। गैस वितरकों के अनुसार, जब तक कंपनियों की ओर से अनुमति नहीं मिलती, तब तक नए कनेक्शन जारी होना संभव नहीं है। ऐसे में शहर के हजारों लोग फिलहाल सीमित संसाधनों के साथ ही काम चलाने को मजबूर हैं।

# मोगा के गांवों में शुरू हुई मोबाइल मेडिकल यूनिट

मोगा / यूटर्न/ 6अप्रैल। मोगा में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक अहम पहल की गई है। लठ्ठ्रक्ष बैंक परिवर्तन और स्माइल फॉउंडश के सहयोग से 12 गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरूआत की गई। सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप सिंगला ने इस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल से ग्रामीणों को अस्पतालों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और उन्हें समय पर इलाज मिल सकेगा। एएनएम डॉ. ज्योति के अनुसार, मोबाइल वैन में सभी जरूरी चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है। इसमें सामान्य जांच, दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जाएगा।



डॉ. सिंगला ने बताया कि यह यूनिट दूर-दराज के गांवों में रहने वाले लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। इससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं घर के नजदीक उपलब्ध होंगी और समय पर उपचार संभव होगा। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बिना स्मार्ट फोन के आंगनवाड़ी वर्कर मां, बेटी और सम्मान स्कीम में काम नहीं करेंगी

## डायरेक्टर के नाम CDPO को दिया गया मांग पत्र

(बठिंडा) 6 (सोनू टुटेजा) आज यहां ब्लॉक बठिंडा से ब्लॉक प्रेसिडेंट लीलावती बठिंडा की लीडरशिप में ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की तरफ से डायरेक्टर के नाम उ्व्व्रुड को मांग पत्र दिया गया। ऑर्गनाइजेशन ने मांग की है कि पंजाब सरकार ने पोषण अभियान फंड से आंगनवाड़ी वर्करों के लिए जो मोबाइल फोन खरीदे हैं, वे आंगनवाड़ी वर्करों को ही दिए जाएं।

अगर ये फोन आंगनवाड़ी वर्करों को नहीं दिए गए तो आंगनवाड़ी वर्कर अपने पर्सनल



फोन से सरकार की मां, बेटी और सम्मान स्कीम में बेनिफिशियरी को रजिस्टर नहीं करेंगी, क्योंकि वे पहले से ही अपने फोन से पोषण अभियान का काम कर रही हैं। पिछले आठ सालों से वर्कर हेल्पर फोन का इंतजार कर रही हैं, जबकि दूसरे राज्यों ने आंगनवाड़ी वर्करों को दो बार मोबाइल फोन दिए हैं, लेकिन पंजाब सरकार आंगनवाड़ी वर्करों को अपने पर्सनल फोन से काम करने के लिए मजबूर करती है, जिसका ऑर्गनाइजेशन विरोध करती है। संगठन ने यह भी मांग की है कि एक लाभार्थी को रजिस्टर करने के लिए आंगनवाड़ी वर्कर को कम से कम 100 रुपये और हेल्पर को 50 रुपये दिए जाएं। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में लाभार्थी आंगनवाड़ी वर्कर को 200 रुपये और हेल्पर को 100 रुपये दिए जाते हैं, तो पंजाब सरकार सिर्फ 25 रुपये देकर काम क्यों करवाना चाहती है। इस समय नवजोत बठिंडा, रूप रानी बठिंडा, सुमन बठिंडा, रानी बठिंडा, सुनैना गोनियाना, आशा रानी गोनियाना, नीना रानी, राजरानी नेता मौजूद थे।

# विंटेज क्वीन थीम पर सजी महिलाओं की खास गेट-टुगेदर पार्टी



लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। शहर में महिलाओं की ओर से विंटेज क्वीन थीम पर एक शानदार गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने थीम के अनुसार खूबसूरत अंदाज में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिलाएं विंटेज स्टाइल की ड्रेस,हेयर एक्सेसरीज,नेट हैंड्स ग्लव्स,हैंड फैन और हेयर बैंड आदि के साथ पूरी तरह थीम में रंगी नजर आई। इस दौरान माहौल को और भी खास बनाने के लिए विंटेज थीम पर आधारित कई रोचक गेम्स भी आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिता के अंत में रिंकी कत्याल को 'विंटेज क्वीन'और अमन नारंग को 'विंटेज चार्म' के खिताब से नवाजा गया।इस अवसर पर रितिका अग्रवाल, निधि, रुचि, ईशा, जैसी, आलिया, पूजा टंडन सहित अन्य महिलाएं भी उपस्थित रहीं और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# युवा चैरिटी बैंड उड़ान के जरिए जरूरतमंदों की सहायता कर रही अनाहिता जैन



लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। लुधियाना के प्रतिष्ठित गिरनार परिवार और शहर की अग्रणी डाइंग एवं होजरी इकाइयों में से एक से ताल्लुक रखने वाली 17 वर्षीय अनाहिता जैन एक प्रतिभाशाली एवं बहुमुखी छात्रा हैं, जो न केवल शिक्षा में अव्वल हैं बल्कि सामाजिक कार्यों के प्रति भी गहरी प्रतिबद्धता रखती हैं। युवा चैरिटी बैंड ₹उड़ान₹ की लीड वोकलिस्ट के रूप में, उन्होंने पिछले एक वर्ष में अपने हर प्रदर्शन को एक मकसद में बदला है। पिछले वर्ष, उड़ान बैंड ने शहर के सबसे बड़े चैरिटी कार्निवल में प्रस्तुति दी और एक्ट ह्यूमन डू गूड फाउंडेशन के सहयोग से 7 लाख की धनराशि एकत्रित की, जो सीधे 20 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान करने में उपयोग हुई। अनाहिता के लिए यह केवल एक आयोजन नहीं था, यह दिल के बेहद करीब था। 5 अप्रैल उस सफर का अगला अध्याय था। मिशन के लिए मील उन्हीं 20 लोगों के सम्मान में आयोजित किया गया, जिसमें राजगढ़ एस्टेट्स में सैकड़ों प्रतिभागी उमड़े और यह शहर का अब तक का सबसे बड़ा मैराथन बन गया। लीड वोकलिस्ट अनाहिता ने बैंडमेट्स आदित्य पाहवा, अमाया सहनी, त्रिशिर अग्रवाल, कृष्णव पाहवा और उद्धव कपूर के साथ दौड़ की समाप्ति पर लाइव प्रस्तुति दी। सामाजिक बदलाव के प्रति अनाहिता की प्रतिबद्धता संगीत से परे भी है। वे आई स्पाई की सह-संस्थापक भी हैं।

यूटर्न टाइम

# जीरकपुर में रोडरेज का तांडव, पुलिसकर्मी पर हमला, कार का शीशा तोड़ा

## पटियाला लाइट प्वाइंट पर हुई वारदात, आरोपी बाइक छोड़कर फरार



जीरकपुर/यूटर्न/06 अप्रैल। जीरकपुर में देर शाम एक व्यस्त चौराहे पर रोडरेज की गंभीर घटना सामने आई है, जिसने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना पटियाला लाइट प्वाइंट की है, जहां शाम करीब 7 बजे एक बाइक सवार युवक ने गुस्से में आकर कार का शीशा तोड़ दिया और कार सवार पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार विकास नामक व्यक्ति, जो चंडीगढ़ पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात हैं, अपने परिवार के साथ चंडीगढ़ से जीरकपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार पटियाला लाइट प्वाइंट पर रेड लाइट पर रुकी, तभी एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार से उनकी कार के बेहद करीब से निकलने की कोशिश करने लगा। इस दौरान दोनों वाहनों की टक्कर होते-होते बची।

इस पर विकास द्वारा आपत्ति जताने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस बढ़ने पर आरोपी युवक ने पहले कार पर मुक्का मारा और फिर अपने हेलमेट से कार का पिछला शीशा तोड़ दिया। जब विकास गाड़ी से नीचे उतरे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया, तो आरोपी ने उन पर हमला कर दिया और हेलमेट से उनके सिर पर वार कर उन्हें घायल



कर दिया। वारदात के बाद आरोपी अपनी मोटरसाइकिल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायल विकास ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया और आरोपी की बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पॉइंट्स पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है।

# पंजाब रोडवेज को मिली मजबूती, 250 नई बसें शामिल

पंजाब/ यूटर्न/6अप्रैल। पंजाब के लोगों के लिए सफर अब और आसान होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को 250 नई बसों को पेप्सु रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के बेड़े में शामिल करने के लिए हरी झंडी देंगे। इस मौके पर वित्त एवं परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा भी मौजूद रहेंगे। सीएम का पटियाला दौरा करीब 2 से 3 घंटे का रहेगा। इस दौरान वे महाराजा भूपिंदर सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे और 142 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की शुरूआत भी करेंगे। दाना मंडी में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम



है। सरकार की योजना के तहत 100 मिडी और 309 साधारण बसों पर लगभग 125 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। किलोमीटर स्कीम के तहत 254 अतिरिक्त बसें चलाई




जाएंगी। पनबस के बेड़े में अब 606 बसें होंगी, जिनमें 387 नई बसें शामिल होंगी। योजना में वोल्वो, एचवीएसी और साधारण बसें भी जोड़ी जाएंगी।

# अमृतसर के रिगो ब्रिज के पुनर्निर्माण का निरीक्षण

पंजाब/ यूटर्न/ 6अप्रैल। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रविवार देर शाम अमृतसर के ऐतिहासिक रिगो ब्रिज के पुनर्निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने (ट्विटर ) हैंडल पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह केवल कंक्रीट का काम नहीं, बल्कि पवित्र शहर के विकास को गति देने का प्रयास है। 48 करोड़ की यह परियोजना शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम



कदम मानी जा रही है। रिगो ब्रिज, जो करीब एक सदी पुराना था, लंबे समय से यातायात के दबाव के कारण समस्या बन गया था। अब इसे आधुनिक तकनीक और बेहतर डिजाइन के साथ नए स्वरूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी। निरीक्षण के दौरान बिट्टू ने अधिकारियों से प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली और निर्देश दिए कि काम तय समय सीमा में पूरा हो तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने इसे अमृतसर के अतीत और भविष्य को जोड़ने वाला मजबूत सेतु बताया।

## डेराबस्सी में सुखमनी साहिब पाठ का आयोजन, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने भरी हाजिरी



डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। डेराबस्सी में श्री गुरु नानक जीप यूनियन द्वारा यूनियन की सुख-शांति, चढ़दी कला और सर्वजन कल्याण की कामना के साथ श्रद्धा भाव से श्री सुखमनी साहिब के पाठ का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर गुरबाणी की रसपूर्ण वाणी ने संगत को भाव-विभोर कर दिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

इस मौके पर हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा विशेष रूप से पहुंचे और संगत के साथ गुरु घर की खुशियों में शामिल हुए। उन्होंने माथा टेककर आशीर्वाद लिया और यूनियन के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।

विधायक रंधावा ने यूनियन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज की सुख-शांति और प्रगति के लिए गुरु घर से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं भी लंबे समय तक यूनियन से जुड़े रहे हैं और सदैव सदस्यों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब की आत्मा गुरु साहिबानों की शिक्षाओं में बसती है और ऐसे धार्मिक कार्यक्रम हमें सेवा, विनम्रता और एकजुटता का संदेश देते हैं। इस दौरान उन्होंने संगत की चढ़दी कला और खुशहाली के लिए अरदास भी की।

कार्यक्रम में यूनियन के प्रधान, सदस्यगण और बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही, जिन्होंने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

# गेहूं की सुचारू खरीद के लिए प्रशासन मुस्तैद



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/अप्रैल। गेहूं सीजन के दौरान सब-डिवीजन जगरांव और रायकोट की मंडियों में गेहूं की निर्बाध और सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) जगरांव मनजीत सिंह चीमा की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम रायकोट रमनजीत सिंह, एसपी (एच) लुधियाना (देहाती) रमनइंदर सिंह, डीएसपी जगरांव जसविंदर सिंह ढींडसा, तहसीलदार रमन कुमार, डीएफएसओ जसविंदर सिंह सहित मार्केट कमेटियों के अधिकारी, खरीद एजेंसियों के इंस्पेक्टर, आढ़ती एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट और लेबर यूनियनों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

**अधिकारियों को सख्त निर्देश...** बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी मनजीत सिंह चीमा ने डीएफएसओ को निर्देश दिए कि मंडियों में फड़ों ( यार्ड ) का बंटवारा, स्टाफ की तैनाती, बारदाने का प्रबंध और खरीदे गए गेहूं की समय पर लिफ्टिंग के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। खराब मौसम के मद्देनजर तिरपालों और क्रेटों का अग्रिम प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है और मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

# सेक्टर-15 में मेयर का औचक निरीक्षण, लंबित कार्यों पर जताई नाराजगी; 15 दिन में सुधार के निर्देश



चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। शहर के सेक्टर 15, चंडीगढ़ स्थित ओल्ड बुक डिपो क्षेत्र में सोमवार को मेयर सौरभ जोशी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पहले दिए गए निर्देशों के पालन न होने पर अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान मेयर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि इलाके के सुधार के लिए दिए गए कई अहम निर्देश अब तक लागू नहीं किए गए हैं, जिससे प्रशासनिक लापरवाही साफ नजर आई।

मेयर ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत शुरू करने और तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 15 दिनों बाद दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान यदि कार्यों में प्रगति नहीं पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने मेयर को आश्वासन दिया कि सभी लंबित कार्यों को तुरंत शुरू कर निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा। वहीं, संबंधित सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर को भी निर्देश दिए गए हैं कि लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# डेरा बस्सी के श्री सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम व दीक्षांत समारोह आयोजित

## नन्हे विद्यार्थियों ने दीक्षांत पोशाक में बिखेरी चमक, अभिभावकों-शिक्षकों ने साझा की शैक्षणिक प्रगति



डेराबस्सी/यूटर्न/06 अप्रैल। श्री सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल, डेरा बस्सी में केजी और कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) और दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत पीटीएम (परिणाम चर्चा) से हुई, जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत तालमेल को दशार्या।

इसके बाद आयोजित दीक्षांत समारोह में नन्हे विद्यार्थियों ने आकर्षक दीक्षांत पोशाक पहनकर सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान बच्चों की वर्षभर की उपलब्धियों और उनके विकास को प्रस्तुत किया गया, जिससे माहौल उत्सवमय बन गया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रो. कंवलजीत सिंह, निदेशक श्रीमती कंवलजीत कौर और निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि निरंतर सीखना, मजबूत संस्कार और अभिभावकों व विद्यालय के बीच सहयोग बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. पूनम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए प्रबंधन, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार जताया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ के प्रयासों की सराहना की।

# इंडियन आइडल अकादमी में सुरमयी शाम का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। सीमिट्री रोड, सिविल लाइन्स स्थित इंडियन आइडल अकादमी में एक भव्य म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अकादमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें शहर के कई कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने भाग लिया।इस अवसर पर प्रतिभागियों ने मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यस्त जीवन में संगीत के महत्व को उजागर करना और लोगों को मानसिक तनाव से राहत के लिए प्रेरित करना रहा।मुख्य अतिथि के रूप में अर्जिंदर कौर सदस्य पंजाब महिला आयोग,नम्रोलॉजिस्ट प्रिया शर्मा और इंद्र शर्मा उपस्थित रहे।इसके अलावा संजीव शेरू सचदेवा, विमल हरजाई, वरुण मेहता, सोनी बक्शी, बिंदिया मदान, रितु जौहर,रिंकू चड्ढा, अनु बाला, कमल गुप्ता, सुरिंदर कौर, डॉ ज्योतिका कपूर, हरजिंदर धनजल, मोनिका अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पंजाबी सिंगर दीपा दोसांझ का निधन, इंग्लैंड में आया हार्ट अटैक, जालंधर के रहने वाले



जालंधर/यूटर्न/6 अप्रैल। जालंधर के दोसांझ कलां के रहने वाले और पंजाबी सिंगर दीपा दोसांझ का हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। ढोला वे ढोला गीत से फेम दीपा इन दिनों इंग्लैंड के लीसेस्टर में रहे थे। मशहूर पंजाबी सिंगर और कंपोजर सुखशिंदर शिंदा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर गायक दीपा दोसांझ के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर लिखा, आज पंजाबी संगीत जगत ने एक सच्चा रत्न खो दिया। दीपा दोसांझ पंजाबी संगीत जगत और यूके भांगड़ा इंडस्ट्री से जुड़े थे। 90 के दशक के सुपरहिट सिंगर रहे हैं। दीपा ने ढोला वे ढोला जैसे सदाबहार गीतों के जरिए घर-घर में पहचान बनाई थी। जानकारी के अनुसार दीपा दोसांझ का निधन अचानक हेल्थ बिगड़ने के कारण हुआ। सोशल मीडिया और संगीत हलकों में उनके निधन का कारण दिल का दौरा बताया जा रहा है। हालांकि परिवार की ओर से अभी कारण की पुष्टि नहीं की गई है। उनके अचानक निधन से न केवल उनके फैंस बल्कि पूरा पंजाबी कलाकार भाईचारा सदमे में है। दीपा दोसांझ मूल रूप से पंजाब के जालंधर जिले के मशहूर गांव दोसांझ कलां से ताल्लुक रखते थे।

## विधानसभा उतरी में पिछले चार वर्ष में शुरू हुए 300 करोड़ के विकास प्रोजेक्ट - बग्गा

लुधियाना/यूटर्न/6 अप्रैल। विधानसभा उतरी में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के चार वर्षो के कार्यकाल में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न प्रौजेक्ट शुरू हुए। विधायक चौ.मदन



लाल बग्गा के प्रयासों से सडकों का निर्माण, आधुनिक सीवरेज सिस्टम, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, खेल सुविधाओं का विस्तार और नए पुल निर्माण जैसे अहम कार्य शामिल हैं। इन विकास कार्यो के तहत कई प्रमुख सडकों को नया रूप दिया गया है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर हुई और लोगों को आवागमन में सुविधा मिली है। वहीं, सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने से जलभराव की समस्या में कमी आई है। जल सप्लाई परियोजनाओं के माध्यम से घर-घर तक साफ पानी पहुंचाने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में क्रिकेट ग्राउंड और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया। जिससे युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। विधानसभा उतरी को अपनी तहसील उपलब्ध करवाने के साथ-साथ चांद सिनेमा के वर्षो से अधर लटकते पुल निर्माण कार्य से विभिन्न इलाकों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। इस संबंध में विधायक चौ. मदन लाल बग्गा ने कहा कि आप सरकार ने विकास के मामले में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा पिछले 48 वर्षो में जितना काम नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक विकास केवल चार वर्षो यानि कि 48 महीनों में आप सरकार ने कर दिखाया है।

## बाबा श्याम की महिमा अपरंपार-जतिंद्र मित्तल



चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर में साप्ताहिक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन ट्रस्ट पदाधिकारियों की अध्यक्षता में किया गया।संकीर्तन में हेमंत अग्रवाल लुधियाना द्वारा श्याम बाबा का गुणगान किया गया।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित संदीप कुमार मिश्रा ,पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा का गुणगान किया। मुख्य यजमान अजय कत्याल व ट्रस्ट के सभी सदस्यों द्वारा श्याम बाबा का पूजन कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।

# पंजाब चुनाव से पहले BJP का 'डबल इंजन' फोकस

पंजाब/ यूटर्न/ 6अप्रैल। पंजाब विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। पार्टी राज्य में 'डबल इंजन सरकार' के मॉडल को लेकर जनता के बीच जाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और केंद्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के फायदे समझाएं।



पार्टी ने इस अभियान को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देना भी शुरू कर दिया है। लुधियाना के दो विधानसभा हलकों में प्रशिक्षण कैंप पूरे हो चुके हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में भी यह प्रक्रिया जारी है। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर से ही इस जनसंपर्क अभियान की औपचारिक शुरूआत की जा रही है। स्थापना दिवस पर पार्टी द्वारा ब्लॉक, मंडल और जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही, कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर पार्टी के झंडे लगाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि अब संगठन के हर स्तर ब्लॉक, मंडल और जिला के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को रोजाना जनता से मिलना होगा।

इस जनसंपर्क अभियान की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टी का संदेश प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचे और आगामी चुनावों में इसका लाभ मिल सके।

# गैस संकट का असर: पंजाब में महंगा हुआ खाना, ठप पड़ रहे छोटे कारोबार



पंजाब / यूटर्न/ 6अप्रैल। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब पंजाब में भी देखने को मिल रहा है। गैस संकट के चलते खाने-पीने की चीजों के दाम तेजी से बढ़ गए हैं। जालंधर में रोटी, दाल मखनी और चाइनीज आइटम 2 से 20 रुपए तक महंगे हो गए हैं, जबकि चाय, बर्गर और रोल की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। लुधियाना में हालात और भी चुनौतीपूर्ण हैं। कई रेहड़ी-फड़ी वाले काम बंद करने को मजबूर हो गए हैं, जबकि कुछ ने रोटी का साइज छोटा कर दिया है। अमृतसर में छोले-भटूरे 10 रुपए तक महंगे हो गए हैं, वहीं बठिंडा और कपूरथला में भी दाल, रोटी, चाय और फास्ट फूड के दाम बढ़े हैं। छोटे कारोबारियों का कहना है कि महंगे गैस सिलेंडर के कारण उनकी लागत बढ़ गई है। कॉमर्शियल छढ़्रसिलेंडर के दाम बढ़ने के साथ-साथ ब्लैक में भी यह 4000 रुपए तक मिल रहा है। कई जगह घरेलू सिलेंडर भी 2000 रुपए तक पहुंच गया है, जिससे व्यवसाय चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा कच्चे माल दाल, तेल, चावल और चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी और पैकेजिंग मटीरियल की लागत दोगुनी होने से भी खाने के दाम बढ़ रहे हैं। बढ़ती लागत के कारण होटल, ढाबा और स्ट्रीट फूड संचालक या तो कीमतें बढ़ा रहे हैं या कारोबार बंद कर रहे हैं, जिससे आम लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है।

# मोहाली में जमीन अधिग्रहण के खिलाफ कांग्रेस का धरना

पंजाब/ यूटर्न/ 6अप्रैल। मोहाली में पंजाब अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (PUDA) के दफ्तर के बाहर कांग्रेस ने किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पंजाब विधानसभा में नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व मंत्री बलवीर सिंह सिद्धू शामिल हुए। यह धरना किसानों की जमीन अधिग्रहण के विरोध में किया जा रहा है। किसान लंबे समय से सरकार की नीतियों के



खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले भी सरकार ने नए सेक्टर, इंडस्ट्रियल एरिया और कमर्शियल हब बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण की पॉलिसी लाई थी, लेकिन किसानों के कड़े विरोध के बाद उसे वापस लेना पड़ा था। बलवीर सिंह सिद्धू ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। पहले लुधियाना और मोहाली में करीब 15,000 एकड़ जमीन अधिग्रहण की योजना भी विरोध के चलते रद्द करनी पड़ी थी।

# इंडियन आइडल अकादमी में म्यूज़िकल इवनिंग का आयोजन

## पंजाब राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंदर कौर मुख्य अतिथि के तौर पर हुईं शामिल







दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/06 अप्रैल। समिट्री रोड़ स्थित इंडियन आईडल अकादमी में रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में म्यूज़िकल इवनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अकादमी में म्यूजिक सीख रहे विद्यार्थियों ने जहां अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा, वहीं म्यूजिक लवर्स कारोबारियों और घरेलू महिलाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए उपस्थिति का समां बांधा। इस अवसर पर पंजाब राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंदर कौर मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुई, जिनका अकादमी पहुंचने पर अकादमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा और टीम ने स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। जबकि वरुण मेहता संगठन महासचिव सनातन सेवा समिति मालवा जोन 1, समाज सेविका बिंदिया मदान, शेरू सचदेवा अध्यक्ष श्री तिरुपति बालाजी ट्रस्ट, सोनी




बक्शी (जिंदगी लाइव), रिंकू चड्ढा, अनु बाला, कमल गुप्ता, सुरिंदर कौर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, मोनिका अरोड़ा जिला अध्यक्ष बीवीपी आदि विशेष अतिथियों के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों को मुख्य अतिथि अजिंदर कौर और अकादमी के निर्देशक रविनंदन शर्मा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अरुण शर्मा, बबीता शर्मा,रवि साहिल,संदीप दत्त,सीमा कल्याण,बी. एस. रवि, प्रेम शर्मा, रोहित मेहरा, डॉ. रेनु, राजेश अरोड़ा, रीतु जोहर आदि भी विशेष तौर पर उपस्थित हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए अजिंदर कौर ने उभरते हुए प्रतिभाशाली कलाकारों की भरपूर सराहना की और कहा कि आज के इस व्यस्त और तनावपूर्ण युग में ऐसा संगीत मन को सुकून प्रदान करता है। यहाँ आकर ऐसा अनुभव होता है मानो ध्यान (मेडिटेशन) की अवस्था में पहुँच गए हों। उन्होंने कहा कि संगीत के इस माहौल में पहुंचकर कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हो गईं।



Kirti Suresh

# पीजीआई अस्पताल में इंजीनियरिंग को मजबूत करने की पहल, लीडरशिप ट्रेनिंग का तीसरा सत्र आयोजित

चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। पीजीआई चंडीगढ़ में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लक्ष्य बनाते हुए हॉस्पिटल इंजीनियरिंग को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। सामुदायिक चिकित्सा एवं स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ विभाग के तत्वावधान में शनिवार को हॉस्पिटल इंजीनियरिंग, प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर विभाग के लिए लीडरशिप और मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का तीसरा सत्र आयोजित किया गया।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लीडरशिप, टीमवर्क और संस्थान की इंजीनियरिंग सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने पर विशेष फोकस रखा गया। विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों ने इंटरएक्टिव सेशंस, रोल प्ले और ग्रुप एक्टिविटीज में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विवेक लाल ने इंजीनियरिंग विभाग द्वारा तैयार किए गए विजन, मिशन, कोर वैल्यू और स्ट्रैटेजिक पिलर्स के समेकित फ्रेमवर्क का औपचारिक विमोचन किया। यह फ्रेमवर्क 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप विभागीय कार्यों को दिशा देने में सहायक होगा। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए और उनके प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में डॉ. विवेक लाल ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल टीम के बीच प्रभावी तालमेल ही मरीजों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कुंजी है। उन्होंने इस पहल को सकारात्मक कदम बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही। वहीं, विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण के अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निदेशक का आभार जताया और कहा कि हॉस्पिटल इंजीनियरिंग में लीडरशिप क्षमताओं को मजबूत करना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहद जरूरी है। इस अवसर पर प्रो. सोनू गोयल ने भी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में लीडरशिप और प्रबंधन कौशल की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग पेशेवरों को इन कौशलों से लैस करने से सेवा गुणवत्ता, नवाचार और मरीजों के परिणामों में सुधार होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने और विभाग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

# जगरांव की नगर परिषद बैठक में हंगामा

## विकास प्रस्तावों पर तीखी बहस के बीच कई एजेंडे पारित

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/अप्रैल। शहर के विकास कार्यों को लेकर आज सुबह 10 बजे टाउन हॉल में नगर परिषद हाउस की अहम बैठक आयोजित की गई। लगभग दो घंटे तक चली इस बैठक में कई मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिली, हालांकि अधिकांश प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिए गए। बैठक में कार्यकारी अधिकारी मोहित शर्मा, एम.ई. अजयपाल वर्मा, इंस्पेक्टर शिव कुमार, जे.ई. निर्मलजीत कौर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कंवरपाल सिंह, वाइस प्रेसिडेंट जगजीत सिंह जग्गी सहित 19 पार्षद मौजूद रहे, जबकि एक पार्षद अनुपस्थित रहा।

एजेंडा नंबर 10 के तहत सीवरेज सफाई के लिए सुपर सक्शन मशीन की खरीद हेतु प्रस्तावित 40.50 लाख रुपये पर पूर्व प्रधान जतिंदर पाल राणा ने 10 लाख रुपये की बढ़ोतरी का सुझाव दिया, ताकि मशीन की मरम्मत और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। एजेंडा नंबर 11 में पानी की टेस्टिंग पर 39,000 रुपये खर्च करने के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए गए। राणा ने कहा कि पहले किए जा चुके परीक्षणों के बावजूद दोबारा खर्च करना उचित नहीं है। वहीं भद्र काली मंदिर के पास कचरे की रेमेडिएशन के लिए 48.75 लाख रुपये के प्रस्ताव पर विपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि पहले ही लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, इसलिए अतिरिक्त खर्च का औचित्य स्पष्ट किया जाए।



**निजी संपत्ति पर सरकारी पैसा खर्चने से हुआ विवाद :-** नगर परिषद की आज की बैठक में एजेंडा नंबर 71 और 72 के बारे में बताया गया तो पता चला कि नगर परिषद विकास के नाम पर यहां पैसा खर्च ना चाह रही है वह निजी संपत्ति है इसके बाद विवाद भरत नजर आया। वार्ड नंबर एक की पार्षद गुरप्रीत तत्ला ने मीटिंग दौरान कहा कि नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र पाल राणा के कार्यकाल के दौरान कोई भी काम नहीं हुआ और ना ही वह अब कम होने दे रहे हैं।

**मीटिंग में महिला पार्षद को बोलते ही नहीं दिया गया :-** वार्ड नंबर 19 की महिला पार्षद डिंपल गोयल ने मीटिंग में बार-बार खड़े होकर बोलने की कोशिश की लेकिन उसे बोलने का मौका ही नहीं दिया गया। आखिर मीटिंग समाप्त होने के बाद उन्होंने मीडिया के सामने अपना दुखड़ा रोते हुए बताया कि उनके वार्ड में इंटरलॉक सड़क का काम लड़के को एक महीना हो चुका है लेकिन अभी भी काम बीच में ही लटक रहा है।

**अपना ही राग अलापते दिखे पार्षद जरनैल सिंह लोहत :-** नगर परिषद की आज की मीटिंग में भी हर मीटिंग की तरह है ही हर मुद्दे पर अपना ही राग अलपते रहे पार्षद लोहत जबकि उनको चुप करने के लिए उनके साथी और विरोधी पार्षद 2 घंटे की मीटिंग में उसे चुप करने और बैठने को कहते ही नजर आए, लेकिन वह टच से मस नहीं हुए।

मृतक किरायेदारों की दुकानों को वारिसों के नाम ट्रांसफर करने के प्रस्ताव पर भी जांच की मांग उठी।

सदस्यों ने कहा कि पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि दुकानें वास्तविक वारिसों के पास हैं या आगे बेची जा चुकी हैं, और डिफॉल्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरकारी ग्रांट से होने वाले कार्यों का भुगतान नगर परिषद फंड से करने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा गया कि यदि सरकार ने 6.94 करोड़ रुपये की ग्रांट जारी की है, तो ठेकेदारों को उसी का इंतजार करना चाहिए। इसके अलावा 200 बिजली के खंभे लगाने के प्रस्ताव को अस्पष्ट बताते हुए विस्तृत अनुमान (एस्टिमेट) तैयार करने की मांग की गई।

# चंडीगढ़ में झपटमारों का आतंक; बुजुर्ग महिला से कुंडल झपटे, टीचर और रिक्शा चालक भी बने शिकार

चंडीगढ़/यूटर्न/06 अप्रैल। चंडीगढ़ में झपटमारी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे शहर में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस की गश्त और नाकेबंदी के दावों के बावजूद बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अब हालात ऐसे हैं कि पॉश सेक्टर भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। ताजा घटनाओं में सेक्टर 33, चंडीगढ़ में शनिवार रात एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया गया। घर के बाहर टहल रही महिला के कानों से एक्टिवा सवार दो युवकों ने सोने के कुंडल झपट लिए और फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपियों की हरकत साफ दिखाई दे रही है। इसी तरह सेक्टर 27, चंडीगढ़ में एक स्कूल टीचर भी स्नैचिंग का शिकार हो गईं। घर लौटते समय स्कूटी सवार बदमाशों ने उनकी चेन और पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

वहीं रामदरबार, चंडीगढ़ के हाथी पार्क के पास दिनदहाड़े एक रिक्शा चालक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात सामने आई। पीड़ित के अनुसार, दो युवकों ने उसे धमकाकर करीब 1760 रुपये लूट लिए। तीनों घटनाओं के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शहर में गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। लगातार हो रही इन वारदातों ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर जीरकपुर में पार्टी को मिली मजबूती

## समाजसेवी संदीप परुथी साथियों सहित भाजपा में शामिल, जल्द होगा बड़ा कार्यक्रम



जीरकपुर/यूटर्न/06 अप्रैल। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर हल्का डेराबस्सी के जीरकपुर में जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ट की मौजूदगी में पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप परुथी अपने साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू की अगुआई में यह जॉइनिंग करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नेताओं ने कहा कि संदीप परुथी जैसे सक्रिय समाजसेवियों के पार्टी में शामिल होने से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर संदीप परुथी ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री की विकासवादी सोच से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और आगे भी जनसेवा के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बहुत जल्द एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीरकपुर शहर के सभी 31 वार्डों में सेवाएं निभा रहे उनके साथियों को भी भाजपा में शामिल किया जाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372